सेवा में,

सम्पादक
दैनिक जागरण,
सूर्यनगर, लखनऊ रोड
इलाहाबाद।

विषय: ध्वनिप्रदूषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपके लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से मैं सूर्यनगर, इलाहाबाद में लाउडस्पीकर से होने वाले शोर की ओर सम्बान्धित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ।

हमारी कॉलोनी में लाउडस्पीकर का शोर दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। मुहल्ले में स्थित विवाह मण्डप में आए दिन होने वाले विभिन्न आयोजनों से बजने वाला लाउडस्पीकर हमारे लिए असह्य होता जा रहा है। ऑडियो की दुकान वाला भी तेज आवाज में गाने बजाता रहता है। इससे प्रत्येक नागरिक परेशान है।

हम विद्यार्थियों की परीक्षाएँ नजदीक हैं परन्तु शोर कम नहीं हो रहा है। मैं इस पत्र के माध्यम से कानून व्यवस्था के लिए उत्तरदायी अधिकारियों से आग्रह करता हूँ कि वे लाउडस्पीकर पर तुरन्त प्रतिबन्ध लगाएँ। ताकि सभी की परेशानी समाप्त हो सके।

दिनांक - 04 मार्च 20XX

भवदीय
बृजेश कुमार
के.810, सूर्यनगर
इलाहाबाद।